## समाचार

## वार्ड क्र. 46 व 45 में जनसंपर्क भ्रमण किया महापौर ने

(बस्तीवासियों से भेंट कर ली समस्याओं की जानकारी, निराकरण के दिए निर्देश, सफाई कार्यो पर विशेष फोकस करने को कहा)



कोरबा 17 जून 2017—महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज दर्री जोन के वार्ड क्र. 46 व 45 की विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर जनसंपर्क भ्रमण किया, उन्होने वहां के निवासियों से भेंट की, समस्याओं की जानकारी लेते हुए उनके निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए तथा साफ—सफाई कार्यो को और अधिक बेहतर करने को कहा।

महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज निगम के दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 46 अयोध्यापुरी एवं वार्ड क्र. 45 रामनगर बस्ती का दौरा किया, उन्होने बस्ती में पैदल भ्रमण करते हुए वहां के निवासियों से भेंट की तथा बस्ती की विकास संबंधी आवश्यकताओं व वहां की समस्याओं का जायजा लिया। वार्ड क्र. 45 रामनगर स्थित बड़े नाले की सम्पूर्ण सफाई के निर्देश अधिकारियों को देते हुए उन्होने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखकर नाले की सफाई का कार्य शीघ्र पूर्ण करावें ताकि बरसाती पानी की निकासी में किसी प्रकार का व्यवधान उपस्थित न हो। उन्होने अयोध्यापुरी एवं रामनगर बस्तियों में भ्रमण के दौरान टूटी—फूटी नालियों की मरम्मत व नवनिर्माण का कार्य करने के साथ—साथ नालियों की साफ—सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने जैलगांव चौक शापिंग काम्पलेक्स में तुरंत सफाई कार्य कराए जाने के निर्देश देने के साथ ही बस्तीवासियों से आग्रह किया कि वे घरों से निकले हुए कचरे को नाली, सड़क व सार्वजनिक स्थानों पर न डालें तथा साफ—सफाई व्यवस्था में अपना सहयोग प्रदान करें। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने अयोध्यापुरी स्थित तालाब के गहरीकरण की आवश्यकता को देखते हुए तालाब गहरीकरण की दिशा में समुचित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

भ्रमण के दौरान निगम के कार्यपालन अभियंता आर.के. चौबे, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर, रेखा त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि बनवारीलाल आदित्य, सुधीर जैन, बिसाहू राम, चन्द्रकांत यादव, यशंवत जोगी, ढेलूराम देवांगन, रामरतन साहू, वशिष्ट जायसवाल, आशीष अग्रवाल, रंजीता बडा, डॉ. नेताम आदि के साथ काफी संख्या में बस्तीवासी उपस्थित थे।